

# किसानों का उमड़ा हुजूम, 10 घंटे जाम रहा मार्ग

## बाधित रहा नागौद-कालिंजर मार्ग, दोनों ओर 2 किमी लंबी वाहनों की लगी कतार

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 मई, जिले के नागौद-कालिंजर मार्ग पर सिंहपुर सायलो के सामने सोमवार देर रात से भीषण जाम लग गया। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों के वाहनों की भारी भीड़ के कारण यह स्थिति बनी। यहां करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, जिसे मंगलवार सुबह 10 बजे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बड़े किसानों के स्लॉट बुक होने के बाद वे अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर एक साथ खरीदी केंद्र पहुंचने लगे। अचानक भीड़ बढ़ने से केंद्र के बाहर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क पर ही खड़ी कर दीं, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया।बताया गया कि सिंहपुर सायलो में 14 समितियों के माध्यम से गेहूं की खरीदी की जा रही है। शुरुआत में किसानों के वाहनों की एक ही कतार थी, लेकिन भीड़ बढ़ने पर दूसरी लाइन भी बन गई। इसी बीच कुछ ट्रक चालकों ने तीसरी लाइन बनाकर आगे निकलने का प्रयास किया, जिससे अव्यवस्था फैल गई और जाम की स्थिति गंभीर हो गई।



### एंबुलेंस सहित अन्य वाहन फंसे

स्थानीय लोगों ने बताया कि सायलो के आसपास वाहनों के निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। रात में पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया था, लेकिन किसानों ने ट्रॉलियां हटाने से मना कर दिया। 10 घंटे तक लगे इस जाम के कारण आम यात्रियों के साथ-साथ बसें और एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं।

# अतिथि विद्वान की नियुक्ति पर उठे सवाल

## अमरपाटन कॉलेज प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर संदेह

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में वाणिज्य विभाग के अंतर्गत एक अतिथि विद्वान की नियुक्ति को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि शासन की नीतियों और दिशा-निर्देशों की अनदेखी करते हुए अपात्र व्यक्ति को अध्यापन कार्य हेतु नियुक्त किया गया है, जिससे कॉलेज प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।**

शिकायती पत्र के अनुसार, नियुक्त किए गए अतिथि विद्वान अवधेश प्रसाद पटेल की शैक्षणिक योग्यता BBA और MBA (प्रबंधन विषय) में है। साथ ही उनकी पीएचडी की डिग्री भी प्रबंध विषय से है। नियमों के मुताबिक, वाणिज्य विषय में अध्यापन हेतु ये डिग्रियाँ मान्य नहीं हैं। आरोप है कि इस स्पष्ट अपात्रता के बावजूद उन्हें वाणिज्य विभाग में अध्यापन की अनुमति दी गई है।

मामले में एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि श्री पटेल ने पूर्व में शासकीय महाविद्यालय बांदा (जिला सागर) में जॉइनिंग की कोशिश की थी। लेकिन वहां के प्रबंधन ने BBA/MBA की योग्यता को वाणिज्य के लिए अपात्र मानते हुए उन्हें जॉइनिंग देने से साफ इनकार कर दिया था। इसके बाद, तथ्यों को कथित रूप से छिपाकर उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश प्राप्त किया गया और अमरपाटन कॉलेज में उपस्थिति दर्ज कराई गई। शिकायत में कहा गया है कि अमरपाटन कॉलेज के प्राचार्य ने बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी या उच्च शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन लिए ही आनन-फानन में श्री पटेल की उपस्थिति स्वीकार कर ली। गंभीर बात यह है कि महाविद्यालय में वाणिज्य के सभी पद पहले से भरे होने के बावजूद यह नियुक्ति की गई। कार्यभार न होने के कारण उन्हें दूसरे विभाग के कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे एक सोची-समझी रणनीति बताया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वाणिज्य जैसे महत्वपूर्ण विषय में अपात्र शिक्षक द्वारा अध्यापन कराना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। मांग की गई है कि शासन के नियमों का पालन करते हुए उक्त अतिथि विद्वान को तत्काल कार्यमुक्त किया जाए, ताकि वाणिज्य के छात्रों को उचित और योग्य शिक्षक मिल सके और उन्हें न्याय मिले।




### इनका कहना है

हमे इस विषय पर कोई जानकारी नहीं है कागज देखने के बाद ही हम सही जानकारी बता पाएंगे

**डॉ एसके वर्मा, प्राचार्य शासकीय महा .अमरपाटन**

### इनका कहना है

अमरपाटन कॉलेज में अतिथि विद्वान की योग्यता और नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित शिकायत मिली है। शासन के नियमों के विपरीत किसी भी अपात्र नियुक्ति की अनुमति नहीं दी जा सकती। हम पूरे मामले की जांच करा रहे हैं, तथ्यों की पुष्टि होते ही उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**महेंद्र मणि, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा**

# ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं 23 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई, राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योगेश कुमार ताम्रकार महापौर, सत्यम मिश्रा उपायुक्त ( वित्त ) और ए.पी.सिंह स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिक निगम उपस्थित रहे।**

जनसंपर्क अधिकारी ननि धीरज कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को आयोजित जन-सुनवाई में 23 आवेवन प्राप्त हुए। जिसमें अतिक्रमण शाखा से संबंधित 05 आवेवन, साफ-सफाई से संबंधित 02 आवेवन, सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 01 आवेदन, जन्म-मृत्यु शाखा से संबंधित 02 आवेदन, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 02 आवेदन, पेयजल शाखा से संबंधित 04 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 01 आवेवन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 06 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रवान किए गए। महापौर द्वारा नगरवासियों को अवगत कराया गया कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि नगर वासियों की जन सुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।



### लक्ष्मण भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**सतना 5 मई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से लक्ष्मण रावत को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री रावत इससे पूर्व अनुसूचित जनजाति मोर्चा में जिला महामंत्री के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर चुके हैं। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश संगठन द्वारा श्री लक्ष्मण रावत को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री लक्ष्मण रावत की नियुक्ति पर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।



# दो आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार, वाहन जब्त

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई. मैहर जिले के नादन देहात थाना क्षेत्र की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 72 लीटर अवैध शराब की खेप पकड़ ली. इस मामले में घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त करते हुए 2 आरोपियों का गिरफ्तार कर लिया. जबकि एक आरोपी भागद निकलने में सफल रहा.**

थाना प्रभारी पंचराज सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अमरपाटन-मैहर मार्ग पर घेराबंदी कर दी. इस दौरान वहां से होकर गुजर रहे एक मैजिक वाहन को जांच के लिए रोका गया. जांच करने पर वाहन में 8 कार्टून लदे मिले. जिन्हें खोलकर देखने पर शराब भरी मिली. कार्टनों में से कुल 72 लीटर शराब पाई गई. जिसकी कीमत 49 हजार रु आंकी गई.

जिसे देखते हुए वाहन सवार व चालक राहुल चौरसिया 21 वर्ष, सूरज चौरसिया 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया. इसी कड़ी में घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया. जबकि तीसरा आरोपी आशीष चौरसिया भाग निकलने में सफल रहा. फरार आरोपी की तलाश जारी है. जिसके विरुद्ध पुराना आपराधिक रिकार्ड भी दर्ज है.




# बकरी चोरी मामले ने तूल पकड़ा, 3 घंटे रहा जाम

## कार्रवाई के नाम पर पुलिस की हीलाहवाली से बढ़ा आक्रोश

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के बींदा गांव में बकरियों की चोरी होने के बाद कार्रवाई के नाम पर पुलिस की हीलाहवाली ने ग्रामीणों को इस कदर आक्रोशित कर दिया कि लगभग 3 घंटे से अधिक समय तक रामपुर बघेलान-अमरपाटन मार्ग बाधित रहा.**

लंबी चली समझाइस और कार्रवाई संबंधी आश्वासन के बाद ग्रामीण किसी तरह वहां से हटने को राजी हुए. प्राप्त जानकारी के अनुसार गींदा गांव के निवासी मुन्ना यादव के पड़ोस में 3 अप्रैल को बरहों कार्यक्रम आयोजित था. जिसकी वजह से आस पड़ोस के लोग रोत के लगभग 2 बजे तक जागते रहे. इसी दौरान 108 एंबुलेंस उनके घर के सामने से गुजरी. थोड़ा आगे जाने पर एंबुलेंस वापस लौट आई. बताया गया मुन्ना के घर में मौजूद 4 बकरियों में से 3 बकरियों को चोरों ने एंबुलेंस में लाद लिया. इस दौरान आहट मिलने पर मुन्ना की नींद खुल गई. लेकिन जैसे ही मुन्ना वहां पहुंचा तो बदमाशों ने उसे चाकू दि,खाकर पीछे करने की कोशिश की. लेकिन जब मुन्ना पीछे नहीं हटा तो बदमाश 2 बकरियों को एंबुलेंस में लाद कर भाग निकले. जबकि एक बकरी को छुड़ाने में मुन्ना का हाथ चोटिल हो गया. शोर सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए. अगले ही दिन घटना की शिकायत थाने में की गई. लेकिन कार्रवाई न होने से लोगों के बीच आक्रोश बढ़ गया.




### मार्ग पर लगाई बाड़ी

आक्रोशित ग्रामीणों ने रामपुर बघेलान-अमरपाटन मार्ग पर बाड़ी लगाकर उसे बाधित कर दिया . जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगनी शुरु हो गईं . घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइस देनी शुरु की . लगभग 3 घंटे से अधिक समय तक पुलिस द्वारा लोगों को समझाइस दी जाती रही . वहीं जल्द ही ठोस कार्रवाई संबंधी आश्वासन मिलने पर ग्रामीण किसी तरह वहां से हटने को राजी हुए . पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के जरिए एंबुलेंस की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है .

# एसडीएम ने किया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण व्यवस्थाएं सुधारने के दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई, एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाडिया द्वारा विगत दिवस गैवीनाथ विपणन सहकारी संघ स्थित चना एवं मसूर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान केंद्र की व्यवस्थाओं, उपार्जन कार्य एवं किसानों से संवाद कर स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण में पाया गया कि केंद्र पर पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इस पर तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए श्रमिकों की सुविधा के लिए दो अतिरिक्त पानी के मटके रखने को कहा गया। केंद्र पर गोदाम उपलब्ध होने के कारण तिरपाल की आवश्यकता नहीं पाई गई। उपार्जन की समीक्षा में बताया गया कि चना का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, जिसके तहत अब तक 200 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। मसूर का समर्थन मूल्य 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल है और 2 हजार 200 रूपये प्रति क्विंटल मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा की गई। भरहुत (उचेहरा) के किसान पुष्पेंद्र सिंह एवं कोठरा के किसान प्रदीप सिंह ने उपार्जन व्यवस्था को संतोषजनक बताया। ग्राम हाटी के किसान अजय सिंह द्वारा बोरी के वजन को लेकर प्रश्न उठाया गया, जिस पर मौके पर जांच की गई। जांच में एक बोरी में 200 ग्राम तथा दूसरी बोरी में 1 किलो 100 ग्राम अतिरिक्त वजन पाया गया।

# ढाबे से 200 लीटर अवैध पेट्रोल-डीजल जब्त

## मैहर जिले की अमदरा पुलिस ने की कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई, मैहर में अवैध डीजल-पेट्रोल बिक्री के खिलाफ अमदरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने ग्राम घुनवारा स्थित एक ढाबे से 200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में की गई।**

थाना अमदरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की सुबह ग्राम घुनवारा स्थित गणेश ढाबा पर दबिश दी। थाना प्रभारी निरीक्षक टीकाराम कुर्मी और उनकी टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान ढाबे के अंदर नीले ड्रमो में भारी मात्रा में अवैध ज्वलनशील पदार्थ पाया गया। पुलिस ने मौके से 150 लीटर डीजल और 50 लीटर पेट्रोल जब्त किया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 19 हजार रुपये से अधिक है। ये पदार्थ बिना किसी वैध अनुमति के भंडारित और बेचे जा रहे थे, जिससे गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा हो सकता था।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

गौरतलब है कि मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने इससे पहले भी नेशनल हाईवे पर स्थित कई ढाबों पर छापेमार कार्रवाई की थी। उस दौरान 20 हजार लीटर से अधिक डीजल जब्त किया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई थी। इन छापों के दौरान कई ढाबा संचालक डर के मारे ढाबे बंद कर फरार हो गए थे।

### एक नजर में



### जनसुनवाई में सुनी 95 आवेदकों की समस्याएं

**सतना,** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ . सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 95 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे, संदीप परस्ते द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

### जयदेव ने 29वीं बार किया रक्तदान

**सतना,** जयदेव योगेश ताम्रकार ने 34 साल की उम्र में जिला चिकित्सालय, सतना में 29वीं बार रक्तदान किया ।हर बार की तरह इस बार भी एक अलग ही संतोष और खुशी महसूस हो रही है।



### एकेएस में रिसर्च प्रपोजल्स पर 5 दिवसीय कार्यक्रम



**सतना,** एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के सेंटर फॉर रिसर्च इनोवेशन, इनक्यूबेशन, एंड स्किल डेवलपमेंट (सीआरआईआईएसडी), इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं डायरेक्टरेट ऑफ रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) एवं प्रायोगिक कार्यशाला 卐अनुसंधान विचारों को वित्तपोषित परियोजनाओं में रूपांतरित करना卐 का सफलतापूर्वक समापन हुआ।इस कार्यक्रम में देशभर से कुल 135 शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण प्रारंभ, खेलों में खिलाड़ी दिखा रहे उत्साह

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मई, शहर में 1 मई से आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। यह शिविर 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के बच्चों और युवाओं को विभिन्न खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान अनुभवी कोचों द्वारा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित कई खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के पहले ही दिन बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में बच्चे सुबह-सुबह मैदान में पहुंचकर अभ्यास करते नजर आए। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को सही दिशा और अनुशासन मिलता है।

ऐसे शिविर युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखने में भी मददगार साबित होते हैं। आरोह 2026 शिविर न केवल खेल कौशल को विकसित करेगा, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करेगा।



दीपेंद्र सिंह एथलीट कोच ने बताया कि इस महोत्सव में बच्चों को खेलों के प्रति आकर्षित करने का काम किया जाता हैं इससे बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी भी बढ़ती हैं। खिलाड़ियों के लिए यह एक अच्छा माध्यम है स्पोर्ट्स में अपना करियर बनाने के लिए माना जाता हैं।



जया सिंह बॉलीवॉल कोच ने खिलाड़ियों के फिटनेस को लेकर कहा कि वर्तमान समय में खानपान से खिलाड़ियों के फिटनेस में काफ़ी असर देखने को मिल रहा है। पुरुष खिलाड़ियों के मुकाबले महिला खिलाड़ियों की काफ़ी कमी देखने को मिल रही है।



राज साकेत सीनियर प्लेयर ट्रेनर बॉलीवॉल ने बताया कि इस समर कैंप में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को परखने के लिए एक अच्छा मौका मिलता है। इसमें खिलाड़ियों को अच्छी ट्रेनिंग मिलती है जो उनके भविष्य में बहुत काम में आती हैं।



राहुल दुबे ग्राउंड ऑपरेशन मैनेजमेंट ने बताया कि खेल महोत्सव की शुरुआत में बच्चों का काफी उत्साह देखनों मिल रहा है। बच्चों को यहां सीखने के लिए सारी सुविधा प्रदान की गई है हमारे स्टाफ द्वारा खिलाड़ियों को अच्छी व्यवस्था के साथ ग्राउंड दिया जाता हैं।

